Registration No. RAJBIL /2016 / 69093
OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

लघु उद्योग भारती

UDYOG TIMES

Volume - 9 Issue - 02 December - 2025
Total Pages - 40 Price - Rs. 25



खास स्टोरी-

सामयिक - भारत-न्यूजीलैण्ड एफटीए

पड़ताल - अरावली का भविष्य

उद्यम यात्रा - नव स्तम्भ

Thar Desert, Jaisalmer

RAJASTHAN

Incredibly mesmerizing!

Department of Tourism, Government of Rajasthan

www.tourism.rajasthan.gov.in | Follow us

RAJASTHAN

The Incredible State of India !

UDYOG TIMES

OFFICIAL PUBLICATION OF LAGHU UDYOG BHARATI

Volume -9 Issue - 2 December 2025

Editorial Board

■ *Patron*

Shri Madhusudan Dadu, National President	09810256494
Shri Prakash Chandra ji, National Org. Secretary	099299-93660
Shri Om Prakash Gupta, National Gen. Secretary	095602-55055

■ *Editor*

Dr. Kirti Kumar Jain	094141-90383

■ *Co-Editor*

Dr. Sanjay Mishra	098295-58069

विवरणिका

Editorial	03
विचारों की स्पर्धा	05
मुक्त व्यापार	07
हस्तशिल्पियों के कौशल प्रशिक्षण	11
अरावली का भविष्य	15
हौसलों की उड़ान	21
Assam Logistics	23
एलयूबी अभ्यास वर्ग	24
एलयूबी महाकौशल	26
India Stone Mart- 2026	27
New Labour Codes	29
LUB's NEWS in Brief	30

Price - 10/- *Life Membership 1000/-*

Corporate & Head Office :
Shri Vishwakarma Bhawan 48, Deen Dayal Upadhyay Marg, Rouse Avenue, New Delhi-110002
Website : www.lubindia.com
Email : headoffice@lubindia.com
Ph.: 011-23238582
Registered Office :
Plot No. 184, Shivaji Nagar, Nagpur-440011
Ph.: 0712-2533552

Renewable Energy Share Hopefully Cross 35 % by 2030

Editorial

Dr. Kirti Kumar Jain
kkjain383@gmail.com

According to a report released recently - the share of India's electricity generation from renewable energy (RE) capacity, including large hydro projects, is expected to cross 35 percent by year 2030 from 22.1 per cent in year 2025, with expected incremental capacity addition of around 200 GW between year 25 till 30.

This, in turn, also hinges on the extent of implementation of the ongoing project pipeline where the projects are bid out and the PPAs are signed, the development of adequate transmission connectivity infrastructure as well as timely bidding for new RE projects, along with the power purchase agreements (PPAs) signing by central nodal agencies, states the report by rating agency ICRA.

The outlook for the renewable energy sector remains "stable," led by strong policy support, superior tariff competitiveness and sustainability initiatives by large commercial and industrial (C&I) customers.

However, challenges remain on the execution front, including land and transmission infrastructure, delays in signing PPAs, exposure to equipment prices and distribution utility finances.

As India grapples with variability in renewable generation, Battery Energy Storage Systems (BESS) have emerged as the important enabler for grid stability.

The Government has introduced viability gap funding for BESS capacity along with extended transmission charge waivers for storage projects until 2028, the report notes.

Further, the significant decline in battery costs over the past decade has helped reduce the cost of energy storage and adoption of BESS projects globally.

Ofcourse BESS projects have shorter lifespans and require replacement capex but sustained reduction in battery prices is expected to drive greater adoption" on the competitiveness of standalone BESS projects.

❑❑❑

इस परिवर्तनशील समय में निर्यात के लिए दोहरा बीमा

Double assurance for exports in these volatile times.

निर्यातकों के लिए ऋण जोखिम बीमा
Credit Risk Insurance for Exporters

एवं /&

बैंकों के लिए ऋण जोखिम बीमा
Credit Risk Insurance for Banks

आर्थिक अस्थिरता के इस समय में निर्यात के अनुकूल ईसीजीसी के साथ ऋण जोखिम का बीमा कराएं।

In these times of economic instability, insure against credit risk with ECGC's export-friendly credit risk covers.

अधिक जानकारी के लिए ईसीजीसी के निकटतम कार्यालय से संपर्क करें।
For more information contact your nearest ECGC office.

ई सी जी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: ईसीजीसी भवन, सीटीएस नं. 393, 393/1 से 45, एम.वी. रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400069, महाराष्ट्र, भारत
टेली : 6659 0500 / 6659 0510 • **टोल फ्री :** 1800-22-4500
ईमेल : marketing@ecgc.in • **वेबसाइट** : www ecgc in

ECGC Limited
(A Government of India Enterprise)
Registered Office : ECGC Bhawan, CTS No. 393, 393/1 to 45, M. V. Road, Andheri (East), Mumbai – 400069, Maharashtra, India
Tel: 6659 0500 / 6659 0510 • **Toll Free :** 1800-22-4500
Email : marketing@ecgc.in • **Website** : www.ecgc.in

IRDAI Regn. No. 124 | CIN No. U74999MH1957GOI010918 | @ecgclimited

ADVT. NO. : NMD/198/214

आप निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करें, हम जोखिम से रक्षा प्रदान करेंगे. • You focus on exports. We cover the risks.

'विचारों की स्पर्धा हो सकती है, लेकिन सबका मन एक रहना जरूरी है'

प्रेरक पाथेय
डॉ. मोहनराव भागवत
पूज्य सरसंघचालक,
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

(संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त कोलकाता में 21 दिसंबर, 2025 को आयोजित ' 100 वर्ष की संघ यात्रा नए क्षितिज' विषयक व्याख्यानमाला में विशेष संबोधन का संपादित अंश)

विचारों की स्पर्धा हो सकती है, लेकिन सबका मन एक रहना जरूरी है। अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अपने विरोधी को रक्षा मंत्री बनाकर इसी एकता सूत्र को बढ़ाया।

संघ का काम मित्रता के आधार पर शुद्ध सात्विक कार्य है। संघ का सही से पता तब चलेगा, जब आप संघ की शाखा में प्रत्यक्ष आकर देखेंगे और समझेंगे।स्वयंसेवक सभी क्षेत्रों में कार्य करते हैं। संघ किसी का नियंत्रण नहीं करता – न बाहर से, न अंदर से। संघ को अंदर से देखना आवश्यक है।

डॉ. हेडगेवार नहीं होते, तो संघ नहीं होता। संघ को समझने के लिए उनका चरित्र जरूर पढ़ना चाहिए। संघ अपनी स्थापना के दिवस से ही सामूहिकता के भाव से चलता है। संघ एक सामूहिक कार्य पद्धति है।

हिंदुस्थान हिन्दू राष्ट्र है; डॉ. हेडगेवार के समय में इसकी मान्यता नहीं थी। उस समय वे हिन्दू समाज के संगठन के लिए खड़े हुए। अत्यंत विपरीत परिस्थिति में, आर्थिक रूप से बेहद अभावग्रस्त होने के बावजूद शुद्ध अंतःकरण, निस्वार्थ बुद्धि से डॉ. हेडगेवार ने संघ का कार्य प्रारंभ किया।

समाज के स्नेह के भरोसे संघ आगे बढ़ा। यह ईश्वरीय कार्य है। दुनिया के किसी स्वयंसेवी संगठन का इतना विरोध नहीं हुआ, जितना संघ का हुआ। हमले हुए और हत्याएं भी हुई, लेकिन स्वयंसेवक आगे बढ़े। एक भी स्वयंसेवक के मन में इसको लेकर कटुता का भाव नहीं है। गुरु दक्षिणा से संघ चलता है। बाहर से कुछ नहीं लेते, स्वयंसेवक सब चलाते हैं।



संघ आर्थिक रूप से स्वावलंबी है। पाई–पाई का हिसाब रखा जाता है और ऑडिट होता है। भारत के कुल पौने सात लाख गाँवों में से सवा लाख स्थानों में संघ है। 45,000 शहरों – नगरों में अभी हम आधे में पहुँचे हैं और आधे में पहुँचना है। विरोध के वातावरण में हम सजग रहते थे। अब अनुकूलता के वातावरण में हमें तेज गति से कार्य का विस्तार करना है। कार्यकर्ताओं की गुणवत्ता का सुदृढ़ीकरण हमारे शताब्दी वर्ष का एजेंडा है। समाज में बहुत बड़ी संख्या में अच्छे लोग हैं। अपने घर का पैसा लगाकर बिना प्रसिद्धि के ही समाज की सेवा में लगे लोगों की बड़ी संख्या है। हम इसे समाज की सज्जन शक्ति कहते हैं।

समाज की सज्जन शक्ति का नेटवर्क स्थापित करना, परस्पर समन्वय करना और इनमें पूरकता लाने के कार्य में संघ साथ रहेगा। देशव्यापी कार्यकर्ताओं के आधार पर सम्पूर्ण समाज में आचरण का परिवर्तन करने का समय आ गया है। आचरण अर्थात आदत में परिवर्तन करने की पांच बातों को स्वयंसेवक पहले अपने जीवन में लाएं, इसकी शुरुआत हमने संघ के शताब्दी वर्ष में की है। ये पांच विषय हैं:

सामाजिक समरसता– मंदिर, पानी, श्मशान– सब हिन्दुओं के लिए समान हो।

कुटुम्ब प्रबोधन– परिवार के सदस्यों के बीच परस्पर संवाद होना चाहिए। सप्ताह में एक दिन नियत समय पर परिवार के सभी सदस्यों को एकत्र आना। साथ बैठकर बिना मीनमेख निकाले भोजन करना। भजन करना। और चार घंटे के समय में अपने कुटुम्ब, अपनी परंपरा की चर्चा करना।

पर्यावरण– पर्यावरण संरक्षण की चर्चा बहुत होती है, पर वह चर्चा कृति में नहीं आती। इसके लिए छोटे–छोटे उपाय हम स्वयं से करें। अपना घर स्वच्छ रहना चाहिए और सामने का रास्ता भी। पानी बचाओ, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करना, छत पर पेड़–पौधे लगाओ। लघु उद्योग भारती की ओर से राजस्थान के पाली कस्बे में संचालित स्वरोजगार का प्रकल्प कुल्हड़ उद्योग सराहनीय प्रयास है जो पर्यावरण के अनुकूल भी है और उससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का भी कार्य हो रहा है।

स्वदेशी– स्वावलंबन और रोजगार के साथ आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी वस्तुओं को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। स्वयं का बोध होना चाहिए कि हम कौन हैं। अपने आचरण में स्वदेशी भाषा, भ्रमण, भेष, भोजन और भवन होना चाहिए।

संविधान– प्रस्तावना, नागरिक कर्तव्य, मार्गदर्शक तत्व और नागरिक अधिकार हमें अपने बच्चों को पढ़ाने चाहिए। संविधान निर्माताओं के हिन्दू मन का भाव संविधान में प्रकट होता है।

इन पांच परिवर्तनों की पहल को लेकर हम समाज में जाने वाले हैं। हिन्दुओं की शक्ति जागरूक हो रही है और निश्चित रूप से होगी। भारत, हिन्दुस्थान और हिन्दू – ये सब समानार्थी हैं।

सबके साथ चलना, सबको साथ लेकर चलने वाला संघ के अलावा दूसरा कोई संगठन नहीं है। संघ सम्पूर्ण समाज को अपना मानता है। इस अपनत्व के आधार पर हम सब एक हों। सब शाखा में आएं, यह आवश्यक नहीं। आएं तो अच्छा ही है। क्योंकि संघ की शाखा के समान निस्वार्थ बुद्धि और प्रामाणिकता का प्रशिक्षण देने वाली दूसरी कोई कार्यप्रणाली (मैकेनिज्म) नहीं है। संघ श्रेय लेने के लिए काम नहीं करता है।

□□□

Important Update from Ministry of Corporate Affairs

The Ministry of Corporate Affairs has changed the rules for what counts as a Small Company in India. New limits for being a Small Company:

- Paid-up capital up to ₹10 crore, and
- Annual turnover up to ₹100 crore

If a company fits within these limits, it will be treated as a Small Company under companies act. These new rules are effective from 1st December, 2025. The Small company as per companies act now aligns with the definition of Small enterprise under MSME category as per MSMED Act, Ministry of MSME, GOI.

LUB's Chittorgarh Women Wing organized Swayamsiddha Exhibition-2025 with the theme "Rangilo Rajasthan," which was inaugurated by National Org. Secretary Shri Prakash Chandra

ji. The program began with a women's self-defense demonstration presented by the Nirbhaya Sena. An inspiring performance of "Valor of Chittorgarh" was also presented by the Jai Chittorgarh-Jai Mewar Team. A special ramp walk featured women visitors, vendors, and women entrepreneurs. All the members wore Leheriya attire, conveying a message of cultural unity. The talent show deeply impressed the audience. Fifteen winners who made purchases of ₹5000 or more at the fair were also given attractive gifts. All exhibitors were honored with certificates.

On this occasion, National Secretary Smt. Anju Singh, Prant President Shri Mahesh Hurkut, General Secretary Shri Praveen Gupta, Vice President Shri Gyan Mehta, Joint Secretary Shri Praveen Tak, Swayamsiddha In-charge Smt. Reena Devi, and Bhilwara Women's Unit President Smt. Pallavi Ladha were present.

मुक्त व्यापार समझौतों में डेयरी और कृषि का बचाव

सामयिक

डॉ. अश्विनी महाजन

राष्ट्रीय सह-संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच

पूर्व प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

ashwanimahajan@rediffmail.com



कुछ दिन पहले भारत ने न्यूज़ीलैंड के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले भारत ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम (यूके), संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन, ओमान तथा अन्य देशों के साथ भी एफटीए कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस बात को कुछ हैरानी से देखा जा रहा है जबकि नवंबर 2019 में भारत ने स्वयं को रीजनल कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) से बाहर कर लिया था, जहाँ ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड दोनों शामिल थे। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि भारत ने अब इन्हीं देशों के साथ अलग–अलग एफटीए कैसे कर लिए?

आरसीईपी एक प्रस्तावित व्यापक व्यापार समझौता था, जिसमें मुक्त व्यापार से जुड़े प्रावधान शामिल थे। इसमें 16 देश–10 आसियान देश, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन और भारत भागीदार थे। इस समझौते पर लगभग आठ वर्षों तक बातचीत चली। आमतौर पर यह माना जाता है कि भारत ने आरसीईपी से बाहर निकलने का निर्णय इसलिए लिया क्योंकि समझौते का अंतिम प्रारूप भारत की अपेक्षाओं और हितों के अनुरूप नहीं था।

4 नवंबर, 2019 को आरसीईपी शिखर सम्मेलन में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी अंतरात्मा उन्हें इस समझौते पर हस्ताक्षर करने की अनुमति नहीं देती। उन्होंने यह भी कहा कि महात्मा गांधी की शिक्षाओं ने उन्हें इस समझौते से पीछे हटने के लिए प्रेरित किया।

अब सवाल यह है कि प्रधानमंत्री ने अंतिम क्षण में इस समझौते से पीछे हटने का साहसिक कदम कैसे लिया? संभवतः यह विश्व इतिहास में पहली बार था जब किसी सरकार के मुखिया ने वर्षों की बातचीत और अंतिम मसौदा तैयार होने के बाद भी, शिखर सम्मेलन में अन्य सभी नेताओं के सामने यह घोषणा की कि उनका देश इस समझौते में शामिल नहीं होगा। वास्तव में, डेयरी और कृषि ऐसे दो प्रमुख क्षेत्र थे, जिन पर भारत ने कठोर रुख अपनाया। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की मांग थी कि आरसीईपी के सदस्य देश अपने डेयरी और कृषि बाजारों को अन्य देशों के लिए खोलें।

आरसीईपी से भारत के बाहर निकलने और बाद में ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के साथ अलग–अलग मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करने के बीच जो विरोधाभास दिखाई देता है, उसे समझने के लिए आरसीईपी की संरचना को समझना आवश्यक है। आरसीईपी में जो 16 देश शामिल थे, इनमें से 10 आसियान देशों के साथ भारत के पहले से ही मुक्त व्यापार समझौते मौजूद थे। इसके अलावा जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी भारत के एफटीए पहले से लागू थे। वहीं, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ भी भारत की द्विपक्षीय एफटीए वार्ताएँ अलग–अलग चल रही थीं। इस

परिप्रेक्ष्य में केवल एक ही ऐसा देश बचता था, जिसके साथ मुक्त व्यापार समझौता भारत के लिए गंभीर जोखिम माना जा रहा था–और वह देश था चीन। इसलिए भारत ने आरसीईपी जैसे बहुपक्षीय समझौते से बाहर निकलने का विवेकपूर्ण निर्णय लिया और इसके बजाय ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के साथ अलग–अलग, द्विपक्षीय समझौते करने का रास्ता चुना।

जब भारत ने अप्रैल 2022 में ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए, तो कई लोगों को हैरानी हुई कि कृषि और डेयरी को बाहर रखते हुए यह समझौता कैसे किया गया। हालांकि, इस कदम की व्यापक सराहना भी हुई। अब जब न्यूज़ीलैंड के साथ भी मुक्त व्यापार समझौता किया गया है–और उसमें भी कृषि तथा डेयरी क्षेत्रों को बाहर रखा गया है–तो यह दृष्टिकोण और अधिक पुष्ट हो जाता है कि भारत मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करते समय अत्यंत सतर्क रहा है और उसने संवेदनशील क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि और डेयरी, को बाहर रखने में सफलता हासिल की है।

अब प्रश्न यह उठता है कि भारत जैसे देश के लिए कृषि और डेयरी की सुरक्षा को इतना महत्वपूर्ण क्यों माना गया है। आलोचक अक्सर तर्क देते हैं कि यदि कृषि और डेयरी को मुक्त व्यापार समझौतों में शामिल किया जाए, तो इससे भारतीय कृषि और डेयरी की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। उनका यह भी कहना है कि जब भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है, तो उसे विदेशी प्रतिस्पर्धा से डरने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

आजीविका और खाद्य सुरक्षा

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार, भारत के कुल दुग्ध उत्पादन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा छोटे और सीमांत किसानों तथा भूमिहीन श्रमिकों से आता है, जिनके पास औसतन केवल एक या दो दुधारू पशु होते हैं। इनके लिए दूध केवल अतिरिक्त आय का साधन नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन का आधार है। यह ध्यान देने योग्य है कि भारत की लगभग आधी आबादी कृषि पर निर्भर है और 8 करोड़ से अधिक परिवार यानि 36 करोड़ लोग डेयरी क्षेत्र से जुड़े हैं।

इसके विपरीत, अमेरिका और न्यूजीलैंड जैसे देशों में डेयरी एक व्यापार–केंद्रित उद्योग है, जहाँ उत्पादन का उद्देश्य मुख्यतः निर्यात और मुनाफा होता है, न कि व्यापक ग्रामीण आजीविका। निस्संदेह, भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक होने का गौरव प्राप्त है। मात्रा की दृष्टि से देखें, तो लीटर में दुग्ध उत्पादन कई प्रमुख कृषि फसलों के किलोग्राम में उत्पादन से भी अधिक है। भारत में अधिक दूध उत्पादन के पीछे प्रमुख कारण यह है कि देश में दुग्ध उत्पादों–विशेषकर दूध–के दाम अपेक्षाकृत लाभकारी हैं, जिससे छोटे उत्पादकों को उत्पादन के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

यह भी सर्वविदित है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुग्ध उत्पादों, विशेषकर मिल्क पाउडर, की कीमतों में भारी अंतर है। यदि न्यूज़ीलैंड का दूध या दूध पाउडर बिना शुल्क (टैरिफ) के भारत में आने लगे, तो घरेलू बाजार में कीमतों में तेज गिरावट आएगी। इसका सीधा परिणाम यह होगा कि देश के लाखों छोटे दुग्ध उत्पादक उत्पादन बंद करने को मजबूर हो जाएंगे।

ऐसी स्थिति में भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बने रहने का दर्जा खो देगा, बल्कि यहाँ एक गंभीर खाद्य सुरक्षा संकट भी उत्पन्न हो सकता है। यह समझना आवश्यक है कि दुनिया का कोई भी देश–चाहे वह कृषि उत्पाद हो या दूध–भारत जैसे विशाल देश की खाद्य आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता। इसलिए डेयरी क्षेत्र की सुरक्षा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि आजीविका और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न भी है।

अमेरिका के साथ समझौता और कृषि

ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद भारत और अमेरिका–दोनों ही–एक व्यापक व्यापार समझौते पर पहुँचने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, इस दिशा में सबसे बड़ी बाधा बनकर कृषि क्षेत्र ही उभरा है। यह उल्लेखनीय है कि अमेरिका, ब्राजील के बाद, सोयाबीन का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। ट्रंप टैरिफ के बाद चीन–जो

अमेरिकी सोयाबीन का सबसे बड़ा आयातक था–ने अमेरिका से आयात में भारी कटौती कर दी है। इसी तरह अमेरिका अन्य कृषि उत्पादों का भी अधिशेष उत्पादन कर रहा है, जिसके लिए वह नए विदेशी बाज़ार तलाश रहा है। यही कारण है कि अमेरिका भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए आक्रामक रूप से प्रवेश चाहता है, जबकि भारत इसका सख़्त विरोध कर रहा है। भारत के इस विरोध के पीछे मुख्यतः दो कारण हैं।

पहला, यदि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों को बाजार में प्रवेश की अनुमति देता है–जो अमेरिकी सरकार द्वारा भारी सब्सिडी से समर्थित हैं–तो भारतीय किसान इस असमान प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं कर पाएंगे और उत्पादन बंद करने को मजबूर हो सकते हैं। इससे आजीविका का नुकसान, बेरोजगारी में वृद्धि और घरेलू उत्पादन में गिरावट आएगी, जो भारत को खाद्य असुरक्षा की ओर भी धकेल सकती है।

दूसरा, अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोलने से भारत की जैव–सुरक्षा और बीज संप्रभुता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका के अधिकांश कृषि उत्पाद आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) होते हैं और पेटेंट के अधीन होते हैं। भारत ने लंबे समय से जीएम खाद्य पदार्थों के प्रति सतर्क रुख अपनाया है। मज़बूत घरेलू नियंत्रणों के बिना जीएम फसलों को अपनाने से किसानों की लागत बढ़ सकती है, बीजों पर निर्भरता गहरी हो सकती है और ऐसे पारिस्थितिकी जोखिम पैदा हो सकते हैं, जिनकी भरपाई बाद में संभव नहीं होगी। इसलिए किसी भी अमेरिकी व्यापार समझौते के दबाव में जल्दबाजी करने के बजाय, भारत के लिए वैज्ञानिक विवेक और स्वदेशी अनुसंधान को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

यदि अमेरिका भारत के ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ हुए एफटीए से संकेत ले और अपनी मांगों को यथार्थवादी स्तर तक सीमित करे, तो भारत–अमेरिका व्यापार संबंधों में आ रही बाधाओं का समाधान निकालना कठिन नहीं होगा।

भारत–न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के निहितार्थ

हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के भारत के लिए सकारात्मक और चुनौतीपूर्ण–दोनों प्रकार के निहितार्थ हैं, इसलिए इसे संतुलित और सतर्क दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था अत्यधिक प्रतिस्पर्धी निर्यात पर आधारित है, विशेषकर डेयरी, मांस और कृषि उत्पादों के क्षेत्र में। ये क्षेत्र भारत के लिए अत्यंत संवेदनशील हैं, क्योंकि करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों तथा सहकारी आधारित डेयरी व्यवस्था की आजीविका इन्हीं से जुड़ी हुई है। इन क्षेत्रों में व्यापक टैरिफ रियायतें भारतीय कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकती हैं।हालांकि इस समझौते में मोटे तौर पर डेयरी को बाहर रखा गया है, लेकिन कुछ विशेष प्रकार के प्रसंस्करण को खोला गया है। इस संबंध में विशेष तौर पर सतर्क रहना होगा ताकि भारतीय डेयरी का अहित न होने पाए।

दूसरी ओर, यह एफटीए भारत के लिए कुछ अवसर भी प्रदान करता है। सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेशेवर सेवाओं तथा कुशल मानव संसाधन की आवाजाही में सुधार की संभावना है। इसके अतिरिक्त, दवाइयों, वस्त्रों, इंजीनियरिंग उत्पादों और कुछ विनिर्मित वस्तुओं के लिए न्यूज़ीलैंड के बाजार में बेहतर पहुँच मिल सकती है, हालांकि न्यूजीलैंड का बाजार आकार में छोटा होने के कारण कुल लाभ सीमित रह सकते हैं।

रणनीतिक दृष्टि से भी इस समझौते के महत्वपूर्ण प्रभाव हैं। निवेश, बौद्धिक संपदा अधिकार, डेटा प्रवाह और सरकारी खरीद से जुड़े प्रावधान भारत की नीतिगत स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि यह समझौता आत्मनिर्भर भारत और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन देने की भारत की क्षमता को कमजोर न करे। साथ ही, न्यूज़ीलैंड के माध्यम से अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं के उत्पादों के अप्रत्यक्ष प्रवेश की संभावना पर भी सतर्कता जरूरी है।

कुल मिलाकर, भारत–न्यूज़ीलैंड एफटीए से सेवाओं और कुछ उच्च मूल्य वाले निर्यात क्षेत्रों में अवसर अवश्य मिल सकते हैं, लेकिन कृषि और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय अनिवार्य हैं। यह समझौता भारत के संतुलित व्यापार, घरेलू क्षमता निर्माण और दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के अनुरूप होना चाहिए।

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

गर्भवती महिलाओं में एनीमिया नियंत्रण हेतु विशेष अभियान

पिंक पखवाड़ा

FCM

फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज

गर्भावस्था में एनीमिया दूर करने का एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका

- गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में हीमोग्लोबिन को तेजी से बढ़ाने में सहायक।
- मात्र एक डोज़ से 45 दिनों के भीतर हीमोग्लोबिन में 2-6 ग्राम तक की वृद्धि।
- दूसरी और तीसरी तिमाही में Hb <10 g/dL वाली गर्भवती महिलाएं।
- अब राजस्थान में PHC स्तर तक उपलब्ध।
- प्रति वर्ष लगभग 4 लाख गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को लाभ।
- निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में FCM का IV इन्फ्यूजन लगवाएं।

गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद।
अब एनीमिया के उपचार के लिए FCM का केवल एक IV इन्फ्यूजन लगवाएं और निश्चिंत हो जाएं!

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें टोल फ्री : 104/108

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं (आईईसी) राजस्थान, जयपुर

हस्तशिल्पियों के कौशल प्रशिक्षण से रोजगार सृजन के साथ हो रहा सशक्तिकरण
राष्ट्रप्रथम एवं लोकसेवा की भावना से लघु उद्योग भारती सक्रिय

उत्सव
मंजू सारस्वत
प्रदेश संयुक्त महासचिव
लघु उद्योग भारती, राजस्थान
harekrishnaindustries@gmail.com

राजस्थान के मारवाड़ के गौरव के रूप में स्थापित प्रमुख व्यापारिक केंद्र जोधपुर में एक बार फिर हस्तशिल्पियों की रौनक देखने को मिली। अवसर था 35 वें पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव–2026 के आयोजन का, जिसका औपचारिक उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 26 दिसंबर, 2025 को किया।

प्रदर्शनी में राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्य मंत्री श्री केके विश्नोई, सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक, डेयरी–पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री प्रकाशचंद्र जी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री नरेश पारीक, सांसद श्री राजेन्द्र गहलोत, विधायकगण श्री देवेन्द्र जोशी, श्री अतुल भंसाली व श्री अर्जुनलाल गर्ग, अमृता देवी राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री जसवंत सिंह विश्नोई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक श्री हरदयाल वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के उत्साह को बड़ा कर दिया।

जोधपुर जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा उद्यम प्रोत्साहन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले में लघु उद्योग भारती नोडल एजेंसी है।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता का कल्याण सर्वोपरि है और इसी को केंद्र में रखकर सरकार नई नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि संकल्प–पत्र में किये गए 70 प्रतिशत वादों को सरकार ने पूरा कर दिया है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाने का कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग संगठन भारती राष्ट्रप्रथम की विचारधारा एवं लोकसेवा की भावना के साथ कार्य कर रहा है। संस्थान द्वारा आयोजित इस उत्सव से पश्चिम राजस्थान का क्षेत्र हस्तशिल्प उद्योग का वैश्विक केन्द्र बन सकेगा।

हस्तशिल्पियों ने परंपरा का किया संरक्षण–

मुख्यमंत्री ने कहा कि हस्तशिल्प उद्योग ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण का माध्यम है तथा इन्होंने परंपरा और पहचान का संरक्षण किया है। यह श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के स्वावलंबन का माध्यम भी बना है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्पियों को कौशल प्रशिक्षण देते हुए नए मार्केट लिंकेज दिए जा रहें हैं जिससे वे अपने उत्पादों को उचित दाम पर बेच सकें। उन्होंने बताया कि सरकार ने 1,197 दस्तकारों को परिचय–पत्र जारी किए हैं। राज्य सरकार की बुनकर पुरस्कार योजना, बाजार सहायता योजना एवं चर्म प्रशिक्षण योजना से हस्तशिल्पियों को लाभ पहुंचा है। माटी कला कामगारों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक व मिट्टी गूंथने की मशीनें भी दी गई हैं।

आत्मनिर्भर भारत का सपना हो रहा साकार–

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहे हैं। राजीविका के माध्यम से प्रदेश में 19 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रशिक्षण पाकर 12 लाख से ज्यादा लखपति दीदी बनी हैं।

इसी तरह पीएम विश्वकर्मा योजना में 21 लाख 73 हजार व्यक्तियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। योजना के तहत 54 हजार 202 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया। कारपेंटर, मूर्तिकार, कुम्हार, राजमिस्त्री सहित 18 ट्रेड्स के दस्तकारों को 5 प्रतिशत ब्याज पर ऋण के साथ 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान दिया जा रहा है।

अर्थव्यवस्था को गति देने 28 नीतियां जारी–

मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। युवाओं के लिए सरकारी क्षेत्र में 4 लाख तथा निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसरों के सृजन के लक्ष्य में अब तक 92 हजार पदों पर सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं एवं 1 लाख 53 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। साथ ही, निजी क्षेत्र में 2.50 लाख से अधिक रोजगार के अवसर दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने 28 नवीन नीतियां जारी की।

एमएसएमई क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्य–

श्री शर्मा ने कहा कि राज उद्योग मित्र पोर्टल पर 3,266 एमएसएमई उद्यमों को प्रमाण–पत्र जारी किए गए हैं। राजस्थान एमएसएमई नीति–2024 को 8 दिसम्बर, 2024 को अधिसूचित किया गया। मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना के 7 हजार 186 आवेदकों को 1946.84 करोड़ रुपये ऋण वितरण और 436.82 करोड़ रुपये का ब्याज अनुदान दिया गया। उन्होंने कहा कि रीको द्वारा 31 औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 2,862 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। जोधपुर के बोरानाड़ा विस्तार क्षेत्र में 161.75 एकड़ पर हैंडीक्राफ्ट और फर्नीचर पार्क विकसित किया गया तथा चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में दो प्रमुख सिरेमिक जोन विकसित किए जा रहे हैं।

प्रदेश में बन रहा उद्योग हितैषी वातावरण–

मुख्यमंत्री ने कहा कि रिप्स को अक्टूबर, 2024 को अधिसूचित कर स्टाम्प ड्यूटी व भूमि रूपांतरण से संबंधित पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किए गए। युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना में ब्याज पुनर्भरण हेतु ऋण सीमा बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये की गई तथा राजस्थान वित्त निगम द्वारा 332 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा कि राज्य में निर्यात को 1.50 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने के लिए राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी अधिसूचित की गई। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार के दो साल के कार्यकाल में प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता को पुनः स्थापित किया गया। कार्यक्रम में श्री हरीश लोहिया द्वारा सम्पादित उत्सव स्मारिका का विमोचन किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पंच गौरव प्रदर्शनी का अवलोकन कर दिव्यांगों को स्कूटी वितरित की तथा एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रदेश स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन–

हस्तशिल्प उत्सव में आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला उद्यमी सम्मेलन को उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने महिला नेतृत्व, स्वावलंबन और औद्योगिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना में महिला नेतृत्व निर्णायक है। राजस्थान

केवल भौगोलिक प्रदेश नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और उद्यमशीलता की परंपरा है, जहाँ हर जिले गांव का कोई न कोई उत्पाद महिलाओं के परिश्रम और सपनों से जुड़ा है। उन्होंने महिलाओं को सरल ऋण सुविधा, कौशल विकास, प्रशिक्षण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना और उनके उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव श्रीमती अंजु बजाज एवं श्रीमती अंजू सिंह, जिला उद्योग केन्द्र की संयुक्त निदेशक श्रीमती पूजा मेहरा सुराणा, श्रीमती रूमादेवी तथा एसीपी श्रीमती छवि शर्मा उपस्थित रहीं।

आर्थिक समृद्धि एवं उत्थान में कृषि, पशुपालन एवं डेयरी की भूमिका विषय पर संगोष्ठी में राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक एवं डेयरी, पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत, सहकार भारती प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेंद्र थानवी, सहकार भारती राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री अशोक बाहेती, सहकार भारती प्रदेश

उपाध्यक्ष श्री महेंद्र दवे ने सक्रिय सहभागिता की।

मोहक झांकियां और सांस्कृतिक आयोजन बने आकर्षण के केंद्र- सेंट्रल पंडाल में सियाचिन ग्लेशियर बॉर्डर पर सेना के शीर्य को प्रदर्शित करने वाली झांकी, बोइंग विमान, ब्रह्मोस मिसाइल, एस 400 की प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र रहे। उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में भी

लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समापन समारोह-

हस्तशिल्प उत्सव का समापन समारोह 4 जनवरी को सैनाचार्य श्री अचलानंद महाराज, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा, धर्मजागरण क्षेत्रीय प्रमुख श्री ललित शर्मा, डीआईजी जेल श्री राकेश मोहन, जोधपुर की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया।

मेला समन्वयक श्री महावीर चोपड़ा ने हस्तशिल्प उत्सव को सफल आयोजन बताते हुए कहा कि इस आयोजन ने आर्टिजन और छोटे उद्यमियों को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया साथ ही जोधपुर को लघु उद्योगों का हब बनाने योगदान दिया।

एलयूबी जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष श्री बालकिशन परिहार ने बताया कि नोडल एजेंसी के तौर पर लघु उद्योग भारती की टीम ने इस आयोजन को स्थापित कर दिया है, जिस वजह से राज्य सरकार ने संगठन को 2029 तक के आयोजन की जिम्मेदारी दी है। हस्तशिल्प उत्सव पश्चिम राजस्थान की ब्रांडिंग में एक महत्वपूर्ण आयोजन सिद्ध हुआ है।

जोधपुर प्रांत महामंत्री श्री सुरेश कुमार विश्नोई ने बताया कि 11 दिवसीय मेले में जोधपुर शहर के साथ आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की एवं आर्टिजन और छोटे उद्यमियों के उत्पादों को सराहा और खरीदी की।

आयोजन सचिव श्री एस. एस. पालीवाल और अतिरिक्त आयुक्त पूजा मेहरा ने अतिथियों, मेला आयोजन नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती की टीम का आभार जताते हुए कहा कि पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव सभी के संयुक्त प्रयासों से ही सफल हुआ है।

□□□

लघु उद्योग भारती

LAGHU UDYOG BHARTI

JALANDHAR

VIVEK RATHOUR
PAST PRESIDENT

ANIRUDH DHIR
PRESIDENT



VARUN BHALLA
GRN. SECT



अरावली का भविष्य: भावनात्मक प्रतिबंध या वैज्ञानिक प्रबंधन ?

(सुप्रीम कोर्ट के निर्देश, वैश्विक आर्थिक मॉडल और भारत के विकास का संतुलन)

पड़ताल

मधुसूदन पालीवाल

सीनियर कंसल्टेंट एवं

रिटायर्ड सुपरिनटेंडिंग माइनिंग इंजीनियर,

डीएमजी, राजस्थान

paliwalms@gmail.com

अरावली पर शीर्ष अदालत के निर्णय को कुछ राजनीतिक दलों और अन्य संस्थानों ने इस तरह प्रस्तुत किया कि जैसे अरावली अब खतरे की जद में आ गई। अब जबकि भ्रम की स्थिति लगभग समाप्त हो गई है, इसके बावजूद आज भी हम एक दोराहे पर जरूर खड़े हैं। एक ओर जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी (Ecology) को बचाने की वैश्विक जिम्मेदारी है, तो दूसरी ओर भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य। क्या हम पर्यावरण को बचाने के लिए अपनी खनिज संपदा को हमेशा के लिए ताले में बंद कर सकते हैं? या क्या कोई ऐसा 'मध्यम मार्ग' है जो प्रकृति और प्रगति दोनों को साथ लेकर चले? यह लेख इसी प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास है।

1. केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल

भारत सरकार ने हाल ही में अरावली पर्वतमाला को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी नीतिगत निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के आदेश के अनुसार, अब अरावली क्षेत्र में किसी भी नई खनन लीज (Mining Lease) की मंजूरी नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही, पूरे अरावली परिदृश्य को एक विस्तारित 'संरक्षित क्षेत्र' (Protected Zone) के रूप में परिभाषित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सतही तौर पर देखने पर यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम प्रतीत होता है। जनता की बढ़ती चिंताओं और सोशल मीडिया पर चल रहे अभियानों के बीच यह फैसला राहत देने वाला लग सकता है। लेकिन, एक विकासशील राष्ट्र के रूप में, हमें भावनाओं के ज्वार से बाहर निकलकर तथ्यों की ठोस जमीन पर खड़े होकर सोचना होगा।

राज RAS और अन्य भूगोल स्रोतों के अनुसार, अरावली राजस्थान में उत्तर–पूर्व में खेतड़ी (झुंझुनू/सीकर क्षेत्र) से लेकर दक्षिण–पश्चिम में खेड़ब्रह्मा/माउंट आबू क्षेत्र तक की लंबाई में विस्तृत है। पूरी अरावली श्रृंखला की कुल 37 जिलों में उपस्थिति मानी जाती है, जिसमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात शामिल हैं।

अरावली विवाद की कानूनी यात्रा

अरावली विवाद का इतिहास केवल खनन से नहीं, बल्कि हरियाणा के सोहना–रेज़ीना क्षेत्र में कॉलोनी और फार्म हाउस जैसे अवैध निर्माण के ख़िलाफ़ 1980 के दशक के अंत और 1989 के आसपास दायर जनहित याचिकाओं से शुरू होता है। इन PILs के आधार पर केंद्र सरकार ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत 7 मई, 1992 का ऐतिहासिक 'अरावली नोटिफिकेशन' जारी किया, जिसके द्वारा हरियाणा के गुड़गांव और राजस्थान के अलवर जिले में पाँच राजस्व श्रेणियों – 'गैर–मुमकिन पहाड़', 'गैर–मुमकिन राड़ा', 'गैर–मुमकिन बे–हेड', 'बंजर बीड' और 'रौंड़'– को विशेष अरावली क्षेत्र मानते हुए उन पर नई खनन, औद्योगिक निर्माण और बड़े पैमाने पर निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध

लगा दिया गया। 2002 तक इस ढांचे में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन हरियाणा के कोटे और अलमपुर गांव में अवैध खनन के कारण मामला फिर सर्वोच्च न्यायालय में उठा; पहले दिल्ली–हरियाणा सीमा से 5 किमी क्षेत्र में खनन प्रतिबंधित किया गया, पर हरियाणा राज्य की लगातार अवज्ञा और अवैध खनन स्थलों व पुनर्वास की अनदेखी के चलते 29/30 अक्टूबर, 2002 को पूरे अरावली क्षेत्र पर पूर्ण खनन प्रतिबंध लगा दिया गया। स्थानीय स्तर की यह समस्या हरियाणा राज्य की गैर–अनुपालना के कारण धीरे–धीरे राष्ट्रीय पर्यावरणीय मुद्दा बनी, और आज प्रस्तावित Management Plan for Sustainable Mining (MPSM) उसी ऐतिहासिक सबक से प्रेरित एक प्रयास है कि बिना नियोजन के पूर्ण प्रतिबंध के बजाय कड़ा, वैज्ञानिक और पारदर्शी नियमन अधिक प्रभावी होता है।

2. 'अंधाधुंध खनन' का मिथक और जमीनी हकीकत

अरावली के बारे में सबसे प्रचलित धारणा (Narrative) यह है कि "पूरी पर्वत श्रृंखला को खनन माफिया द्वारा खोदा जा रहा है" और "पहाड़ गायब हो रहे हैं"। यह एक भावनात्मक सच हो सकता है, लेकिन यह सांख्यिकीय और वैज्ञानिक सत्य नहीं है।

आंकड़ों का निष्पक्ष विश्लेषण करने पर एक अलग तस्वीर उभरती है। कानूनी रूप से अनुमत खनन एवं खनिज संभावित क्षेत्र राज्य के कुल क्षेत्रफल के मात्र 2% से भी कम हिस्से पर होता है। शेष 98% भूमि में जिसमें घने वन क्षेत्र, कृषि भूमि, चारागाह, अभयारण्य और पारंपरिक आदिवासी भूमि शामिल हैं। ये विशाल क्षेत्र पहले से ही वन संरक्षण अधिनियम (1980) और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (1972), पर्यावरण नियमों आदि के तहत पूरी तरह से सुरक्षित हैं। यहाँ खनन की अनुमति कभी थी ही नहीं।

अतः, यह तर्क देना कि यह सीमित क्षेत्र में खनन पूरी अरावली पारिस्थितिकी को नष्ट कर रहे हैं, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। समस्या खनन का होना नहीं है, बल्कि समस्या यह सुनिश्चित करना है कि यह खनन अपने निर्धारित माप दंडों के तहत 2% क्षेत्र से बाहर न फैले।

3. आर्थिक अनिवार्यता: जीडीपी और वैश्विक महाशक्तियां

पर्यावरण भावनात्मक मुद्दा है, लेकिन पेट भरने के लिए अर्थव्यवस्था की मजबूती भी अनिवार्य है। किसी भी देश का विकास उसकी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं (Infrastructure Projects) – सड़कें, पुल, भवन, हवाई अड्डे–पर निर्भर करता है, और इन सबके लिए 'खनिज' रीढ़ की हड्डी हैं। विश्व बैंक और आईएमएफ (IMF) के नवीनतम आंकड़ों का विश्लेषण यह साबित करता है कि पर्यावरण और खनन एक–दूसरे के दुश्मन नहीं हैं।

तालिका:
शीर्ष 10 देशों की जीडीपी में खनन के योगदान की स्थिति

GDP में खनन का सर्वाधिक योगदान देने वाले शीर्ष 10 देश

क्र. स.	रैंक	देश	GDP में खनन का योगदान	प्रमुख खनिज / टिप्पणी
1	1	ऑस्ट्रेलिया	10–12%	लौह अयस्क, लिथियम, कोयला; विश्व की अग्रणी खनन अर्थव्यवस्था
2	2	रूस	>10%	पैलेडियम, सोना, निकेल
3	3	पेरू	>10%	तांबा, चांदी, जस्ता
4	4	चीन	7–9%	रेयर अर्थ तत्व, कोयला; उच्चतम कुल उत्पादन
5	5	दक्षिण अफ्रीका	7–9%	प्लेटिनम, सोना, हीरा
6	6	ब्राज़ील	5–6%	लौह अयस्क, निकेल, सोना
7	7	कनाडा	4–5%	सोना, निकेल, यूरेनियम
8	8	इंडोनेशिया	3–4%	निकेल, कोयला, तांबा
9	9	अर्जेंटीना	~3%	लिथियम, तांबा (तेज़ी से बढ़ता क्षेत्र)
10	10	भारत	2–3%	कोयला, लौह अयस्क; विविधीकृत अर्थव्यवस्था

इस तालिका से एक स्पष्ट रुझान सामने आता है कि दुनिया के शीर्ष 10 देशों की जीडीपी में खनन के योगदान वाले देशों ने खनन बंद करके तरक्की नहीं की, बल्कि उन्होंने खनन को 'प्रबंधित' (Managed) करके तरक्की की है। यदि भारत इन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में अपनी जगह पक्की करना चाहता है, तो हम अपने प्राकृतिक संसाधनों को ताले में बंद करने का जोखिम नहीं उठा सकते।

भारत, जो दुनिया की 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और शीर्ष 3 में आने का लक्ष्य रखता है, अपने खनिज संसाधनों को ताले में बंद करके यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। खनन भारत की जीडीपी में एक बड़ा योगदान देता है और लाखों प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करता है। हमें निर्माण सामग्री (रोड़ी, बजरी, पत्थर) और औद्योगिक खनिज इन्हीं क्षेत्रों से प्राप्त होता है। हम इससे अपनी मुद्रा (Forex) खर्च को बचाते हैं अन्यथा वही खनिज हमें खरीदने पड़ेंगे, जो हमारे पैरों के नीचे मौजूद हैं। यह न तो 'आत्मनिर्भर भारत' के अनुकूल होगा और न ही आर्थिक रूप से इसे समझदारी कहा जाएगा।

4. परिभाषाओं का द्वंद्वः सुप्रीम कोर्ट और तकनीकी स्पष्टता

अरावली विवाद की जड़ में भूगर्भीय (Geological) और कानूनी (Legal) परिभाषाओं की अस्पष्टता रही है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया हस्तक्षेप ने इस धुंध को साफ करने का प्रयास किया है। हमें इन तकनीकी परिभाषाओं को समझना होगाः

(क) अरावली हिल्स (Aravali Hills):



सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, अरावली माने गए जिलों में स्थित कोई भी भू–आकृति, जो स्थानीय सतह से 100 मीटर या अधिक ऊँची हो, उसे 'अरावली पहाड़ी' माना जाएगा। इस पहाड़ी के चारों ओर जो सबसे निचला कंटूर (Contour) उसे घेरता है, उसके भीतर आने वाला पूरा क्षेत्र–चोटी, ढलान, तलहटी (Foothills) और उससे जुड़ी छोटी–मोटी आकृतियाँ–सभी 'अरावली हिल' का हिस्सा मानी जाएँगी। इस क्षेत्र में खनन के पट्टे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

(ख) अरावली रेंज (Aravali Range):

यदि दो या अधिक ऐसी पहाड़ियाँ (जो 100 मीटर की शर्त पूरी करती हैं), एक–दूसरे से 500 मीटर के भीतर स्थित हों, तो उनके बीच की घाटियाँ, निचले टीले और 'Intervening Slopes' भी पूरे "रेंज" का हिस्सा माने जाएँगे। इसलिए यह कहना गलत है कि "100 मीटर से कम ऊँचाई वाले सभी क्षेत्र खनन के लिए खुले हैं"। यदि कोई नीची पहाड़ी इस 500 मीटर की 'रेंज' में आती है, तो वह स्वतः ही संरक्षित हो जाती है।

(ग) राज्यों की विसंगतियां और सुप्रीम कोर्ट का सुधार:

सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि अब तक हर राज्य अपनी सुविधा से अरावली को परिभाषित कर रहा थाः

1. राजस्थान ने 2002 की एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर "रिचर्ड मर्फी लैंडफॉर्म वर्गीकरण" (Richard Murphy Classification) को अपनाया था। राज्य ने 'अरावली पहाड़ी' की परिभाषा के लिए स्थानीय सतह से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई के मानदंड का उपयोग किया व अरावली क्षेत्र में खनन की अनुमति नहीं दी गई।

2. हरियाणा मुख्य रूप से 7 मई, 1992 की MoEF अधिसूचना पर निर्भर था, जिसने केवल गुड़गांव और नूंह जैसे जिलों में खनन को प्रतिबंधित किया था। राज्य ने संरक्षित क्षेत्रों को परिभाषित करने के लिए पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (PLPA), 1900 का उपयोग किया और अक्सर यह तर्क दिया कि जो पहाड़ PLP। सूची में नहीं हैं या जहाँ वन नहीं हैं, वे विकास (Real Estate) के लिए खुले हैं।

3. दिल्ली में अरावली को 'दिल्ली रिज' (Delhi Ridge) के रूप में परिभाषित किया गया। यहाँ परिभाषा ब्रिटिश कालीन

अधिसूचनाओं और 1996 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आधारित थी। इसका मुख्य मानदंड ऊंचाई के बजाय विशिष्ट 'रिज क्षेत्र' और उसकी भू–आकृति (Morphological features) की रक्षा करना था।

4. गुजरात के पास अरावली के लिए कोई विशिष्ट

1. **लैंडस्केप स्तर की योजना:** खनन को टुकड़ों में देखने के बजाय पूरे अरावली इकोसिस्टम के संदर्भ में देखा जाए।
2. **प्रौद्योगिकी का उपयोग:** अवैध खनन को रोकने के लिए मानवीय गश्त के बजाय ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी और AI–आधारित निगरानी का उपयोग हो।

'नो–माइनिंग' परिभाषा नहीं थी। राज्य ने अरावली रेंज (साबरकांठा, बनासकांठा आदि जिलों में) को केवल सामान्य वन भूमि या राजस्व भूमि के रूप में माना, और इसे पर्वत श्रृंखला के रूप में कोई विशेष सुरक्षा दर्जा नहीं दिया।

सुप्रीम कोर्ट का वर्तमान आदेश इन अलग–अलग परिभाषाओं को खत्म कर एक एकीकृत वैज्ञानिक परिभाषा (Unified Scientific Definition) लागू करता है, जो स्वागत योग्य है।

5. 'सतत खनन प्रबंधन योजना' (MPSM) – असली समाधान

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सबसे सकारात्मक पहलू 'सतत खनन प्रबंधन योजना' (Management Plan for Sustainable Mining & MPSM) का प्रस्ताव है। कोर्ट का इरादा खनन को हमेशा के लिए बंद करना नहीं, बल्कि उसे एक 'वैज्ञानिक ढांचे' में लाना है। सरकार द्वारा "नई लीज पर रोक" लगाना केवल एक अस्थायी विराम (Temporary Pause) होना चाहिए, जब तक कि यह MPSM तैयार नहीं हो जाता। एक प्रभावी MPSM के तीन स्तंभ होने चाहिए:

3. **पुनर्ग्रहण (Reclamation)**: 'माइन क्लोजर' (Mine Closure) के बाद जमीन को वापस हरा–भरा करने की कानूनी बाध्यता हो, जैसा कि अमेरिका और कनाडा में होता है।

6. प्रतिबंध का विरोधाभास (The Paradox of Bans)

अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव बार–बार यह साबित करते हैं कि "पूर्ण प्रतिबंध" (Blanket Bans) अक्सर उस उद्देश्य को ही विफल कर देते हैं जिसके लिए वे लगाए जाते हैं।

जब सरकार कानूनी, कर–भुगतान करने वाले और नियमों का पालन करने वाले खनिकों को रोक देती है, तो बाजार में मांग (Demand) खत्म नहीं होती। निर्माण कार्य नहीं रुकते, सड़कों का बनना बंद नहीं होता।

परिणामस्वरुप इस मांग को पूरा करने के लिए 'खनन माफिया' और आपराधिक सिंडिकेट (Syndicates) का उदय होता है। ये अवैध खनिक न तो रॉयल्टी देते हैं, न पर्यावरण नियमों का पालन करते हैं, और न ही वैज्ञानिक तरीके से

खनन करते हैं। वे रात के अंधेरे में पहाड़ों को खोखला करते हैं। इसलिए, एक "पारदर्शी, अच्छी तरह से मैप की गई और कड़ाई से लागू नियामक व्यवस्था" (Transparent Regulatory Regime), एक अंधी रोक (Blind Ban) की तुलना में पारिस्थितिकी, भूजल और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करने में कहीं अधिक प्रभावी है।

7. अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का 'रिव्यू मोड' – नई परिभाषा रोकी, उच्च स्तरीय समिति से दोबारा जाँच, पुराना संरक्षण ढांचा बहाल

"ताज़ा संशोधित आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं कहा कि समिति की रिपोर्ट और 20.11.2025 के फैसले के खिलाफ बहुत–सी IA/MA और याचिकाएँ आईं; वैज्ञानिक आधार पर उन्हें तुरंत स्वीकारने की वजह तो नहीं दिखी, लेकिन यह स्पष्ट हुआ कि परिभाषा और निर्देशों में कुछ "महत्त्वपूर्ण अस्पष्टताएँ" रह गई हैं, जिनके कारण गलत व्याख्या और गलत निर्देश लागू होने का खतरा है। इसी आशंका और व्यापक जन–आलोचना को देखते हुए कोर्ट ने 20.11.2025 के आदेश की सिफारिशों और नई परिभाषा को फिलहाल स्थगित कर दिया है और एक स्वतंत्र उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति से पूरे मॉडल की पुनः समीक्षा कराने का निर्णय लिया है। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, अरावली की कानूनी परिभाषा 2010 की FSI रिपोर्ट के अनुसार रहेगी और अरावली क्षेत्र में नई या नवीनीकृत खनन पट्टों पर पूर्ण प्रतिबंध जारी रहेगा, जब तक कि स्वयं सर्वोच्च न्यायालय से विशेष अनुमति न मिल जाए।"

निष्कर्ष: आगे की राह

अरावली का मुद्दा केवल 'पर्यावरण बनाम विकास' का नहीं, बल्कि 'खराब प्रबंधन बनाम वैज्ञानिक प्रबंधन' का है। सरकार की "नो न्यू लीज" (No New Lease) और सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरावली क्षेत्र में नई अथवा नवीनीकृत खनन लीज़ पर लगाई गई रोक को एक अस्थायी विराम (Pause) के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि पूर्ण विराम (Full Stop) के रूप में। आगे की राह तीन स्तरों पर साफ दिखाई देती है:

1. वैज्ञानिक पुनर्मूल्यांकन और MPSM

सर्वोच्च न्यायालय ने नई ऊँचाई–आधारित परिभाषा और 20.11. 2025 की सिफारिशों को फिलहाल स्थगित कर, एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति से पूरे मॉडल की वैज्ञानिक समीक्षा कराने का निर्णय लिया है। इसी के साथ, Management Plan for Sustainable Mining (MPSM) को इस तरह अंतिम रूप देना ज़रूरी है कि अरावली की पूरी पारिस्थितिक इकाई–ऊँची पहाड़ियाँ, निचले रेंज, कॉरिडोर और recharge क्षेत्र–एक साथ सुरक्षित रहें, और जहाँ भी खनन हो, वह सख्त शर्तों और स्पष्ट सीमाओं के भीतर हो।

2. तकनीक-आधारित सीमा और निगरानी

ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी और GIS–मैपिंग के जरिए यह सुनिश्चित करना होगा कि सक्रिय खनन क्षेत्र राज्य की कुल भूमि के लगभग 2% से अधिक न फैले और 100 मीटर से ऊँचे तथा जल–संचय व जैव–विविधता दृष्टि से संवेदनशील पहाड़ों, ढालों और गलियारों को पूरी तरह नो–माइनिंग जोन के रूप में संरक्षित रखा जाए।

अवैध खनन और ओवर–एक्सट्रैक्शन पर वास्तविक समय (real-time) निगरानी तथा कठोर दंड व्यवस्था ही सतत खनन की विश्वसनीयता बनाए रख सकती है।

3. वैश्विक सीख और भारतीय सन्दर्भ का संतुलन

ऑस्ट्रेलिया, कनाडा जैसे देशों में खनन जीडीपी का 4-15% तक योगदान देता है, फिर भी वहाँ कठोर पर्यावरणीय कानूनों (Impact Assessment, जल और habitat संरक्षण, अनिवार्य reclamation bond) के तहत नियंत्रित खनन की अनुमति दी जाती राजस्थान/भारत में खनन का हिस्सा अभी लगभग 2% के आसपास है, फिर भी हम US-Canada मॉडल की तरह ही MPSM, पर्यावरणीय मंजूरियाँ, वन स्वीकृति और क्लोजर–प्लान को सख्ती से लागू करके अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में संतुलित रास्ता चुन सकते हैं।

अंततः, हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक विकसित भारत के लिए खनिजों की आवश्यकता है और एक रहने योग्य भारत के लिए अरावली की। समझदारी इन दोनों को एक–दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने में नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्रबंधन, पारदर्शी शासन और सामूहिक ज़िम्मेदारी के माध्यम से संतुलन बनाने में है।

❑❑❑

राष्ट्रोद्धारो लघूद्यमैः

लघु उद्योग भारती

LAGHU UDYOG BHARTI

PHAGWARA

INDER PAUL KHURANA
President

ARVIND BAGGA
Hony. Secretary

ANUJ JAIN
Treasurer





हौसलों की उड़ान और दृढ़ संकल्प से अर्जित की सफलता

उद्यम यात्रा
कपिल सुराणा
मेंबर, गवर्निंग बोर्ड- CDOS
संयोजक, स्टोनमार्ट-2026 चित्तौड़ प्रांत,
लघु उद्योग भारती, उदयपुर
Ksurana@warmestein.com

(लघु उद्योग भारती से जुड़े सदस्यों की उद्यम यात्रा में प्रस्तुत है राजस्थान के प्रेरक उद्यमी की कहानी)

उदयपुर (मेवाड़) की पवित्र भूमि पर जन्मे कपिल ने मुंबई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकॉम इंजीनियर के रूप में Patni Computers से अपने करियर की शुरुआत की। अपनी कड़ी मेहनत, निष्ठा और अनुशासन के बल पर उन्हें जल्दी ही अमेरिका में ऑन–साइट अवसर मिला। वहाँ Gillette, Sara Lee, Coca Cola, Pitney Bowes जैसे प्रतिष्ठित क्लाइंट्स के लिए SAP कंसल्टेंट के रूप में काम किया और केवल एक वर्ष में ही उन्होंने Deloitte Consulting US के सबसे युवा Senior Consultant बनने का गौरव हासिल किया–जहां मल्टी मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। अमेरिका में रहते हुए उन्होंने Aptive Solutions LLC नाम से अपनी कंपनी शुरू की और भारत व अमेरिका–दोनों देशों में 50 से अधिक लोगों को रोजगार दिया। जीवन उन्नति के शिखर पर था..... तभी एक दिन घर से उनके दादा जी का पत्र आया– लिखा था– "घर लौट आओ बेटे, हमें तुम्हारी ज़रूरत पैसे से ज्यादा है।" इन शब्दों ने कपिल के दिल को झकझोर दिया, और उनके मन में देश के प्रति जागे कर्तव्य बोध ने उन्हें वापस भारत बुला लिया। वे उन चंद लोगों में से हैं जिन्होंने अपनी ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया अंतिम चरण में होने के बावजूद भी उसे रद्द कर दिया क्योंकि उनके लिए मातृभूमि सर्वोपरि थी।

भारत लौटने के बाद उन्होंने अपने पारिवारिक पत्थर उद्योग को सँभालने का निर्णय लिया–जो उस समय कठिन दौर से गुजर रहा था। एक संगठित और तकनीकी क्षेत्र से पूर्णतः असंगठित उद्योग में प्रवेश करना आसान नहीं था, परंतु कपिल ने चुनौतियों को अवसर बनाया।

अपने इंजीनियरिंग ज्ञान का प्रयोग कर उन्होंने फैक्ट्री में प्रक्रियाओं को सरल, आधुनिक और कुशल बनाया। जल्द ही अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में उनकी पहचान Precision Stone Working के लिए बनने लगी। और देखते ही देखते–एक फैक्ट्री से बढ़कर दो साल में तीन फैक्ट्रियाँ खड़ी हो गईं।

2014 में उन्होंने भारत की सबसे आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत पत्थर प्रोसेसिंग इकाई की स्थापना का निर्णय लिया। कपिल बताते हैं कि उदयपुर में सस्ती औद्योगिक भूमि की कमी से नई फैक्ट्री की स्थापना में अत्यधिक संघर्षों से गुजरना पड़ा।

सबसे पहले सरकारी विभागों में ज़मीन आवंटन के लिए 2–3 वर्षों तक लगातार प्रयास किए, पर कोई ठोस परिणाम नहीं मिला। अंततः स्वयं कृषि भूमि खरीदकर उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया। लेकिन कृषि भूमि को इंडस्ट्रियल में परिवर्तित करने की प्रक्रिया में भी लगभग दो वर्ष लग गए। आख़िरकार, उदयपुर के निकट एक विश्वस्तरीय इंफ्रा–स्ट्रक्चर वाली अत्याधुनिक फैक्ट्री स्थापित की गई।

